RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स

अन्याय करायचा नाही
आणि सहनही करायचा नाही
जय शिवराय

शुभेच्छुक
महाराष्ट्र क्राईम्स परिवार

वर्ष - 23 | अंक - 04 | मुंबई, 05 फरवरी, 2024 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## नवी मुंबई पुलिस अयुक्तालय के अंतर्गत

# ग्लाम्स स्पा में मसाज नही; देह व्यापार का धंधा

**म.क्रा.संवाददाता**

**नवी मुंबई;** यदि किसी व्यक्ति को भविष्य में कोई गैर कानूनी कार्य करना हो तो सबसे अच्छा तरीका यह है कि या तो वह पहले किसी पुलिस अधिकारी का मुखबिर बन जाये या फिर उनके विभाग में साफ सफाई करे या उनके लिये वगैरा वगैरा काम करते रहो। इसके एवज में वह व्यक्ति किसी भी तरह का कोई भी गैर कानूनी कार्य कर सकता है। उसे पुलिस विभाग से कोई तकलीफ नही आएगी। वह खुलेआम किसी भी तरह का गैर कानूनी कार्य क्यों ना हो? पुलिस पूरी तरह से उसे उसके द्वारा किये जा रहे कार्य को अनदेखा करेगी और वह खुलेआम कुछ भी कर सकता है?

इसी तरह का हमारे सामने एक मामला नवी मुंबई पुलिस अतुक्तालय के अंतर्गत आने वाले नेरुल पुलिस थाने का है. बताया


अविनाश


जाता है कि नेरुल पुलिस थाने के नियंत्रण में दुकान क्र. १ साईं कृपा प्लाट क्र ए ३/१ जुने द्वारका होटल के पीछे, सेक्टर २० नेरुल इस पते पर ग्लाम्स नामक स्पा आज लगभग दो साल से चल रहा है।

स्थानिक जानकारों के अनुसार अविनाश और जीतू यादव यह दोनों इस स्पा को मिलकर चला रहे है। जानकर यह भी बताते है कि यह स्पा सिर्फ नाम के लिये है, इस स्पा में किसी भी तरह का कोई मसाज नही होता है। इस स्पा में खुलेआम सिर्फ देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। इस स्पा में स्थानिक रहिवासी ने दिनांक १७/१२/२०२३ के रोज जाकर एक घंटे की विडिओ रिकॉर्डिंग की। विडिओ रिकॉर्डिंग किये जाने के बाद हमारे द्वारा दिनांक २३/१२/२०२३ के रोज नेरुल पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के नाम से एक लिखित पत्र डाक द्वारा भेज कर पूरी

### जीतू यादव और अविनाश के इस अवैध धंधे पर कोई कानूनी कारवाई नही हो सकती?

जानकारी दी गई। और उस पत्र में यह साफ साफ लिखा गया कि यह पत्र मिलने के बाद हमे पत्र भेज कर बुलाये। हमारे पास जो विडिओ है उसे देखने के बाद ही आप नियमित रूप से कानूनी कारवाई करे। इस पर भी नेरुल पुलिस थाने द्वारा कोई पत्र व्यवहार नही किये जाने पर दिनांक १२/०१/२०२४ स्मरण पत्र द्वारा दुबारा पत्र भेज कर इस विषय पर ध्यान दिलाना चाहा। बड़े आश्चर्य की बात है कि इस पर भी हमे कोई उत्तर नही मिला।

हमारे नजदीकी जानकारों का कहना है कि नवी मुंबई में जीतू यादव और अविनाश के इस अवैध धंधे पर कोई कानूनी कारवाई नही हो सकती, कारण कि जीतू यादव नवी मुंबई के पुलिस अधिकारियो


जीतू यादव

का चाहेता है और वह उनके लिये बहुत कुछ काम करता है। जैसे आज पुरे नवी मुंबई में लगभग सौ से ज्यादा मसाज सेंटर स्पा है और हर स्पा से जीतू यादव नवी मुंबई के पुलिस उपायुक्त गुन्हे के नाम से हर महीने बारा हजार रुपए लिया करता है। इसी तरह से वाशी यूनिट क्र. एक के नाम से बारा हजार और तुर्भे के सहाय्यक पुलिस आयुक्त के नाम से सात हजार रुपए इस तरह से कुल मिलकर एकतीस हजार रुपए लिया करता है। अब हमारे लिये यह जानना जरूरी हो रहा है कि यह जो रुपए जीतू यादव इन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के नाम से रुपए वसूल रहा है, क्या यह हकीकत में उन अधिकारियो तक पहुचता है? या फिर जीतू यादव अपनी जेब में रखता है? यह पता लगाना अब उन पुलिस अधिकारियो के लिये बहुत जरूरी हो गया है। शायद यह बात सही है इसलिये क्योंकि नेरुल पुलिस को ग्लाम्स स्पा पर कानूनी कारवाई ना करने का दबाव आया हो, इसी लिये नेरुल पुलिस पूछताछ व कानूनी कारवाई करने में पीछे हट रही है।

अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद नवी मुंबई के आला पुलिस अधिकारी जीतू यादव और अविनाश के द्वारा ''ग्लाम्स'' स्पा पर कानूनी कारवाई करके इसे बंद कराती है या जीतू यादव को रुपए वसूलने के लिये खुली छूट देती है?

# मुंबई पुलिस में बड़े फेरबदल

## नंद कुमार गोपाले की मुंबई क्राइम ब्रांच में पोस्टिंग; मुलुंड थाने के सीनियर इंस्पेक्टर बने अजय जोशी

**मुंबईः** 19 सितंबर, 2008 को दिल्ली के बाटला हाउस एनकाउंटर में इंस्पेक्टर मोहनचंद्र शर्मा शहीद हो गए थे। उस एनकाउंटर में इंडियन मुजाहिदीन के दो आतंकी आतिफ अमीन और मोहम्मद साजिद मारे गए थे। बहुत कम लोगों को शायद पता होगा कि 16 साल पहले हुए इस एनकाउंटर के दिन बाटला हाउस के बाहर मुंबई पुलिस के भी चार अधिकारी खड़े थे, उनमें एक अजय जोशी भी थे। इन्हीं जोशी को मंगलवार को मुंबई में मुलुंड पुलिस का सीनियर इंस्पेक्टर बनाया गया है। मंगलवार को मुंबई पुलिस में बड़े फेरबदल हुए। इनमें एक नंद कुमार गोपाले की मुंबई क्राइम ब्रांच में पोस्टिंग हुई है। गोपाले भी इंडियन मुजाहिदीन केस के इन्वेस्टिगेशन से जुड़े रहे थे। इसके अलावा उन्होंने अंडरवर्ल्ड से जुड़े कई केसों और आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग केस की भी जांच की थी।

इंडियन मुजाहिदीन साल 2003 से भारत में अलग-अलग शहरों में बम ब्लास्ट करा रहा था, लेकिन तब आतंकवादियों ने अपने संगठन को कोई नाम नहीं दिया था। हर धमाके के बाद लश्कर ए तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन या किसी भी संगठन का नाम आ जाता।

**ऐसे बना था आतंकी संगठन**

धमाकों के दौरान मुंबई के अंधेरी मैकडॉनल्ड में चार लोगों की मीटिंग हुई थी। यह थे इकबाल भटकल, रियाज भटकल, सादिक शेख और आतिफ अमीन। उस मीटिंग में आतिफ अमीन ने इस बात पर जोर दिया कि देश में ब्लास्ट हम लोग कर रहे हैं, लेकिन इसका क्रेडिट दूसरे आतंकवादी संगठनों को जा रहा है। उसी दौरान आतिफ अमीन ने इंडियन मुजाहिदीन नाम से आतंकवादी संगठन बनाने के लिए रियाज, इकबाल और सादिक को मनाया। यह बात खुद सादिक ने मुंबई क्राइम ब्रांच से पूछताछ में कही थी।

**बनी बाटला हाउस टीम**

आतिफ अमीन के ही कहने पर ही बाद में हर बम ब्लास्ट से कुछ


नंद कुमार गोपाले

मिनट पहले मीडिया को इंडियन मुजाहिदीन के नाम से मेल आता था-रोक सको, तो रोक लो। ऐसा ही एक मेल अमेरिकी नागरिक केनिथ हेवुड के वाई-फाई से किया गया था, जो उन दिनों सानपाडा में रहते थे। उसी वाई-फाई की जांच करते-करते पहले मुंबई क्राइम ब्रांच ने पुणे से इंडियन मुजाहिदीन की मीडिया विंग से जुड़े लोगों को पकड़ा। उनसे पूछताछ में फिर सादिक शेख व अन्य लोग पकड़े गए। सादिक ने उसी दौरान पूछताछ


अजय जोशी

में बताया कि आतिफ अमीन व कुछ अन्य आतंकवादी दिल्ली के बाटला हाउस में छिपे हुए हैं। उस पूरे ऑपरेशन को तत्कालीन मुंबई क्राइम ब्रांच चीफ राकेश मारिया, अभी के मुंबई के स्पेशल सीपी देवेन भारती और तब के प्रॉपर्टी सेल के चीफ अरुण चव्हाण सुपरवाइज कर रहे थे।

**शहीद हुए थे इंस्पेक्टर मोहनचंद्र शर्मा**

उन अधिकारियों ने फिर मुंबई क्राइम ब्रांच से चार लोग दिल्ली भेजे। यह थे- इंस्पेक्टर शशांक सांडभोर, इंस्पेक्टर अजय जोशी और दो अन्य पुलिस कर्मी प्रहलाद मदने व वीरेश सावंत। इन चारों ने बाटला हाउस में उस बिल्डिंग की शिनाख्त कर ली थी, जहां आतिफ अमीन व अन्य आतंकी छिपे हुए थे। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम आगे के ऑपरेशन की रणनीति बना रही थी। इस बीच दिल्ली पुलिस को भी इन आतंकवादियों के बाटला हाउस में होने की टिप मिली। बाद में इन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर मोहनचंद्र शर्मा अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने दो आतंकवादियों को मार भी गिराया, लेकिन जवाबी गोलीबारी में वह इस एनकाउंटर में शहीद हो गए।

यहां सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जिस सादिक शेख से आतिफ अमीन व अन्य आतंकवादियों के बाटला हाउस में होने की टिप मिली थी, खुद मुंबई क्राइम ब्रांच को तब तक मालूम नहीं था कि इसी सादिक ने 9/11 के बाद कोलकाता में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर दूसरे नाम से फिदायीन हमला किया था।

**इनके भी हुए तबादले**

मंगलवार को हुए तबादले में एसीपी विनायक मेर को मेघवाडी से गांवदेवी शिफ्ट किया गया है। सीनियर इंस्पेक्टर संदीप विश्वासराव का कांदिवली से कफ परेड में, भगवत गरांडे का एयरपोर्ट से अंटाप हिल में, राजेंद्र मचींद्र का डी एन नगर में और जीवन खरात का प्रोटेक्शन एंड सिक्युरिटी ब्रांच में ट्रांसफर हुआ है। ज्ञानेश्वर गणोरे को कांदिवली का, नितिन पोतदार को एंटि नार्कोटिक्स सेल का व सचिन कदम को एडह का सीनियर इंस्पेक्टर बनाया गया है। सब-इंस्पेक्टर से लेकर सीनियर इंस्पेक्टर तक कई और अधिकारियों के भी तबादले हुए हैं।



## संपादकीय

### अंतरिम बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी चार महीनों के लिए अंतरिम बजट लोकसभा में पेश किया। यह उनका रिकॉर्ड छठा बजट है। अंतरिम बजट में मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया गया और अर्थव्यवस्था, विकास की हरी-हरी तस्वीर पेश की गई। मसलन-भारत विश्व-गुरु के तौर पर उभर रहा है। जनता खुश है और सशक्त हुई है। उसमें उम्मीद और आशावाद जागा है। सरकार के 10 सालों में सकारात्मक अर्थव्यवस्था रही है। रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी हुई है। सामाजिक समावेश का आर्थिक विकास हुआ है। भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद खत्म हुआ है। भारत 2047 में 'विकसित राष्ट्र' होगा। अंतरिम बजट से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को आम चुनाव जीतने की कोई चिंता नहीं है, लिहाजा वित्त मंत्री ने दावा किया है कि जुलाई के पूर्ण और आम बजट में विकसित भारत के व्यापक विकास का रोड-मैप पेश किया जाएगा। अंतरिम बजट में किसी महत्त्वपूर्ण और नई परियोजना की घोषणा नहीं की गई है और न ही आयकर-व्यवस्था में कोई बदलाव किया गया है। फिर भी कुछ घोषणाएं ऐसी हैं, जो मौजूदा परियोजनाओं का विस्तार हैं, लेकिन उनमें लोकलुभावन भाव भी निहित है। सरकार ने आगामी 5 साल में 2 करोड़ पक्के घर बनाने की घोषणा की है, जबकि 3 करोड़ घर बनाने का दावा किया गया है। अंतरिम बजट में 5 साल की योजना की घोषणा की प्रासंगिकता कितनी है? जाहिर है कि भाजपा आगामी सत्ता को लेकर भी आश्वस्त है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 फीसदी मकानों का स्वामित्व महिला के नाम है। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में बताया है कि एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बना दिया गया है और आगे 3 करोड़ को 'लखपति' बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। यह मोदी सरकार की 'महिला सशक्तिकरण' की राजनीति को सत्यापित करती है। सरकार के 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी-मुक्त किया गया है और यह सरकार की प्रतिबद्धता है। इसके मायने हैं कि देश में गरीबी-रेखा के नीचे जीने वालों की संख्या नगण्य हो गई है! लेकिन यह हकीकत नहीं है। बहरहाल 43 करोड़ को 'मुद्रा ऋण' के तहत 22.57 लाख करोड़ रुपए के कर्ज मुहैया कराए गए हैं। स्वरोजगार के लिए 34 लाख करोड़ रुपए के कर्ज भी दिए गए। इनमें 78 लाख रेहड़ी-पटरी वाले भी हैं, जिन्हें आर्थिक मदद दी गई है। बेशक मोदी सरकार ने किसानों पर खजाने लुटाए हैं, लेकिन फिर भी बजट में कहा गया है कि किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। करीब 12 करोड़ किसानों को सरकार ने कर्ज मुहैया कराए हैं। फसल बीमा योजना का लाभ 4 करोड़ से अधिक किसानों को मिला है। दरअसल 'मुद्रा लोन' का घोषित आंकड़ा सवालिया है, क्योंकि पूरे भारत में 26-27 करोड़ परिवार बसते हैं। फिर 43 करोड़ को यह ऋण कैसे दिया जा सकता है? आंगनबाड़ी बहनों की घोषणा भी सवालिया है। एक तरफ उन सेविकाओं को सम्मानजनक मानदेय नहीं दिया जाता। वे मानदेय के नियमित भुगतान को लेकर अक्सर सडकों पर प्रदर्शन करने को बाध्य हैं, लेकिन दूसरी ओर उन सभी बहनों को 'आयुष्मान कार्ड' देने की घोषणा की गई है। अंतरिम बजट में 3 रेल कॉरिडोर बनाकर आर्थिक विकास करने की घोषणा की गई है। 'वंदे भारत' में 41,000 रेल डिब्बे शामिल किए जाएंगे। रक्षा क्षेत्र को ज्यादा आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

## दुनिया के सबसे भ्रष्ट देशों की लिस्ट जारी, जानें क्या है भारत-पाकिस्तान की रैंकिंग

**भ्रष्ट** देशों की लिस्ट जारी करने वाली संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने मंगलवार को साल 2023 के लिए ग्लोबल करप्शन इंडेक्स जारी की है. 180 देशों की लिस्ट में भारत 8 स्थान की गिरावट के साथ 93वें पायदान पर पहुंच गया है. यानी 87 देशों में भारत से ज्यादा भ्रष्टाचार है. वहीं, 92 देशों से ज्यादा भ्रष्टाचार भारत में है.

180 देशों की लिस्ट में दो-तिहाई से अधिक देशों का स्कोर 50 से भी नीचे हैं. यानी दो-तिहाई से अधिक देशों में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार है. वहीं, औसतन भ्रष्टाचार स्कोर 43 है. रिपोर्ट के मुताबिक, पब्लिक सेक्टर के भ्रष्टाचार में सबसे कम सुधार दर्ज किया गया है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 से पता चलता है कि अधिकांश देशों ने पब्लिक सेक्टर में जारी भ्रष्टाचार से निपटने में बहुत कम या कोई सुधार नहीं किया है. यह लिस्ट पब्लिक सेक्टर में भ्रष्टाचार के आधार पर




तैयार की जाती है. शून्य स्कोर का मतलब सबसे भ्रष्ट और 100 स्कोर का मतलब सबसे ईमानदार है.

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की ओर से जारी रिपोर्ट में डेनमार्क को सबसे कम भ्रष्ट देश बताया गया है. यह लगातार छठा वर्ष है जब डेनमार्क शीर्ष स्थान पर काबिज है. न्याय प्रणालियों में अच्छी सुविधाओं के कारण डेनमार्क ने सबसे ज्यादा 100 में से 90 अंक हासिल किए हैं.

वहीं, फिनलैंड न्यूजीलैंड क्रमशः 87 और 85 के स्कोर के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं. इस साल शीर्ष 10 देशों में नॉर्वे (84), सिंगापुर (83), स्वीडन (82), स्विट्जरलैंड (82), नीदरलैंड (79), जर्मनी (78), और लक्जमबर्ग (78) शामिल हैं.

**सबसे भ्रष्ट देशों की सूची**

इस लिस्ट में सबसे निचले स्थान पर सोमालिया (11), वेनेजुएला (13), सीरिया (13), दक्षिण सूडान (13), और यमन (16) हैं. ये सभी देश लंबे समय से सशस्त्र संघर्षों से प्रभावित हैं. निकारागुआ (17), उत्तर कोरिया (17), हैती (17), इक्वेटोरियल गिनी (17), तुर्कमेनिस्तान (18), और लीबिया (18) में भी भ्रष्टाचार चरम पर है.

## ED का एक्शन, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में 11 ठिकानों पर छापेमारी... 110 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला

**नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने मध्य प्रदेश स्थित एक कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ 11 परिसरों में तलाशी ली। इन पर यूको बैंक के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम से 109.87 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप था। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत मध्य प्रदेश राज्य के इंदौर, जौरा और मंदसौर और महाराष्ट्र के अलोका में नारायण निर्यात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की समूह कंपनियों और निदेशकों के आवासों पर तलाशी ली गई। बयान में कहा गया, ''तलाशी के दौरान, विभिन्न




आपत्तिजनक दस्तावेज, खातों की किताबें और अचल/चल संपत्तियों का विवरण मिला है, जिन्हें जब्त कर लिया गया।'' ईडी ने उक्त कंपनी के खिलाफ दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो, एसी-क्ष, व्यापमं, भोपाल द्वारा दायर आरोप पत्र के आधार पर जांच शुरू की। इस जांच से पता चला कि 2011 से 2013 की अवधि के दौरान, उक्त कंपनी ने बैंकों के एक संघ, यूसीओ से लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) और एक्सपोर्ट पैकिंग क्रेडिट (ईपीसी) के रूप में लगभग 110.50 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाया। जमीन घोटाले के साथ-साथ अब प्रवर्तन निदेशालय को यह भी जानकारी लगी है कि कई बैंकों को लोन लेने के नाम पर यह भू माफिया बड़ा चूना लगा चुके हैं। वहीं, कैलाश गर्ग द्वारा अपने रिश्तेदार सुरेश गर्ग के साथ मिलकर कुछ समय पहले मेसर्स नारायण निर्यात इंडियन कंपनी मंदसौर के नाम से यूको बैंक सहित तीन बैंकों से अनुबंध कर 110 करोड़ का लोन लिया गया था। कंपनी ने उस उद्देश्य के लिए फंड का उपयोग नहीं किया, जिसके लिए उसे मंजूरी दी गई थी और बैंक ऋण प्राप्त करने के लिए फर्जी खाते की किताबें प्रस्तुत कीं। इन लोगों ने उक्त बैंकों के साथ धोखाधड़ी की और किसी भी सामान का लेन-देन किए बिना रकम को विभिन्न सहयोगियों कंपनियों में स्थानांतरित कर दिया। इसके अलावा, यह पाया गया कि बैंकों के पास गिरवी रखी गई संपत्ति का कुछ हिस्सा बैंकों को बिना किसी सूचना के तीसरे पक्ष को बेच दिया गया था।

## मां और भाई ने मिलकर युवक की हत्या की, शव खेत में लटकाया

**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र के लातूर में रिश्तों को कलंकित करने वाली एक घटना सामने आई है। आरोप है कि यहां मां और बड़े भाई ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि वारदात 27 जनवरी को औसा तालुका के तुंगी गांव में हुई। मृतक युवक 23 वर्षीय योगेश बालाजी जाधव है। पुलिस ने हत्या के आरोप में योगेश के 28 वर्षीय बड़े भाई सचिन बालाजी जाधव और उनकी मां को गिरफ्तार किया है।

**भाई ने ही पुलिस को दी थी योगेश की मौत की जानकारी**

पुलिस ने बताया कि 28 जनवरी को सचिन जाधव औसा




पुलिस थाने पहुंचा था। उसने पुलिस को बताया कि उसके छोटे भाई योगेश ने खेत में टीन शेड के नीचे फांसी लगा ली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और मौके पर जाकर जांच की। इस दौरान पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि योगेश काफी शराब पीता था और शराब पीकर घर में झगड़ा करता था।

**इस तरह खुली मौत की गुत्थी**

पुलिस ने बताया कि मौके पर कुछ संदिग्ध चीजें नजर आने पर मृतक के बड़े भाई और मां से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने सच्चाई उगल दी। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को रात 10:00 बजे योगेश शराब पीकर आया था। इस दौरान उसने भाई और मां से झगड़ा किया। तैश में आकर सचिन ने उसकी पिटाई कर दी और घर में पड़ी रस्सी से गला कस दिया। मौत के बाद दोनों ने उसे खेत में लटका दिया।



# जेपी नड्डा से मिले उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आगामी लोकसभा चुनावों पर चर्चा...



**मुंबई :** राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार रात नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। चर्चा है कि आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। हालांकि फडणवीस ने अगले दिन शुक्रवार को मीडिया से कहा कि यह मुलाकात आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हुई थी। महाराष्ट्र से राज्यसभा की रिक्त होने वाली 6 सीटों के लिए 27 फरवरी को होंगे। राज्यसभा चुनाव में भाजपा के संभावित प्रत्याशियों के रूप में कई नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन अंतिम मुहर दिल्ली में लगेगी। महाराष्ट्र से राज्यसभा में भाजपा से 3, शिंदे गुट, अजित पवार गुट और कांग्रेस से 1-1 प्रत्याशी के राज्यसभा पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार भाजपा चौथी सीट पर प्रत्याशी उतारने पर विचार कर रही है। उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गुरुवार को उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान विभिन्न दलों से गठबंधन, सीट शेयरिंग कब तक होनी चाहिए, इन सभी बातों पर चर्चा हुई। फडणवीस ने कहा कि इससे अलग चर्चा नहीं हुई। जेपी नड्डा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और अक्सर उनसे मुलाकात होती रहती है। उनसे लोकसभा चुनाव के बारे में दिशा-निर्देश लेने के लिए यह बैठक हुई। भाजपा के गांव चलों अभियान पर फडणवीस ने कहा कि पार्टी पहले भी ऐसा अभियान चला चुकी है। अब फिर यह अभियान शुरू किया जा रहा है। ये देश में एक रिकॉर्ड होगा, जब किसी भी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता गांव पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारा संपर्क होना चाहिए। इसी लक्ष्य को हासिल करने का हम प्रयास कर रहे हैं।

# संजय राउत का राहुल नार्वेकर पर बड़ा हमला, बोले- 'शरद गुट की एनसीपी का भी शिवसेना जैसा....'



**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के समक्ष प्रतिद्वंद्वी एनसीपी गुटों द्वारा दायर अयोग्यता याचिकाओं पर चल रही सुनवाई को एक दिखावा करार दिया और दावा किया कि शरद पवार द्वारा स्थापित पार्टी का भी उनके संगठन के समान ही हाल होगा।

**दो गुटों में बंटी एनसीपी**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को जुलाई 2023 में विभाजन का सामना करना पड़ा जब उसके वरिष्ठ नेता अजित पवार और आठ अन्य विधायक अलग हो गए और कैबिनेट मंत्री के रूप में एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए. अजित पवार अब उपमुख्यमंत्री हैं. नार्वेकर एनसीपी के प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा दायर विभाजन से जुड़ी क्रॉस-याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे हैं, जिसमें दूसरे खेमे के प्रति निष्ठा रखने वालों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई है.

**संजय राउत ने साधा निशाना**

संजय राउत ने आगे कहा, यह (सुनना) एक दिखावा है. राउत ने कहा, ''शिवसेना (यूबीटी) ने इसका अनुभव किया है और अब एनसीपी भी इसका अनुभव करेगी.'' पिछले महीने, नार्वेकर ने अपना बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को असली राजनीतिक दल के रूप में मान्यता दी थी, लेकिन दोनों प्रतिद्वंद्वी खेमों के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया था. राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि एनसीपी संस्थापक शरद पवार बहुत सक्रिय हैं इसलिए यह तय करने के लिए सुनवाई करने का कोई औचित्य नहीं है कि पार्टी किसकी है. सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी अयोग्यता मामले में नार्वेकर को अपना फैसला सुनाने के लिए 15 फरवरी तक का समय बढ़ा दिया है. पहले समय सीमा 31 जनवरी थी. राउत ने कहा कि एनसीपी संस्थापक शरद पवार बहुत सक्रिय हैं, इसलिए यह तय करने के लिए सुनवाई करने का कोई औचित्य नहीं है कि पार्टी किसकी है. सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी अयोग्यता मामले में नार्वेकर को अपना फैसला सुनाने के लिए 15 फरवरी तक का समय बढ़ा दिया है.

# खत्म हो चुका है इंडिया गठबंधन: प्रकाश आंबेडकर



**मुंबई :** लोकसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं बचे हैं। इसे लेकर राजनीतिक दल अपना-अपना गणित लगा रहे हैं। महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाड़ी की एंट्री हो चुकी है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर बने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया को लेकर उनका रूख नकारात्मक दिखाई दिया। आंबेडकर ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से मुकाबला लिए बने इंडिया गठबंधन में अब कुछ नहीं बचा है और यह खत्म हो गया है। उनकी टिप्पणी एमवीए के लिए परेशानी का सबब बन गई और शिवसेना सांसद संजय राउत को सफाई देनी पड़ी। राउत ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन टूटा नहीं है।

शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर महाविकास आघाड़ी की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में वंचित बहुजन आघाड़ी के नेता प्रकाश आंबेडकर भी शामिल हुए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि इंडिया गठबंधन में कुछ भी बचा नहीं है। अखिलेश यादव और कांग्रेस आखिरी बचे सहयोगी थे। जहां तक मुझे पता है कि दोनों अलग हो चुके हैं। मैं जानता हूं कि दोनों अपने-अपने रास्ते चले गए हैं। मैं नहीं चाहता कि ऐसा कुछ हो, लेकिन हकीकत यही है। उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि एमवीए को इंडिया गठबंधन नहीं बनने देंगे। हम इस बात का ख्याल रखेंगे। इसके लिए फूंक-फूंक कर कदम उठाने होंगे। अगले चरण में सीटों का आवंटन का मुद्दा आएगा। पहले चरण में न्यूनतम साझा कार्यक्रम का मुद्दा हमने लिया है। इस पर आधी चर्चा हो चुकी है, आधी बाकी है। होटल ट्राइडेंट में हुए एमवीए की बैठक में वंचित बहुजन आघाडी से प्रकाश आंबेडकर, रेखा ठाकुर उपस्थित थे, जबकि कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, बाला साहेब थोरात, अशोक चव्हाण, राकांपा शरद पवार गुट से जयंत पाटिल, जितेंद्र आव्हाड, शिवसेना यूबीटी से संजय राउत उपस्थित थे। इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि बैठक में प्रकाश आंबेडकर से सकारात्मक चर्चा हुई। चर्चा में आंबेडकर ने कुछ मुद्दे उठाए हैं, उनमें और हमारे बीच कई मुद्दे समान हैं, इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। यह समिति न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय करेगी।

### टूटा नहीं इंडिया गठबंधन: राऊत

**वहीं शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों में सीट बंटवारे को लेकर कुछ मुद्दे हैं, लेकिन इंडिया गठबंधन टूटा नहीं है। कुछ रणनीतिक फैसले लिए जा रहे हैं। इसी के तहत पंजाब और बंगाल में ऐसे फैसले लिए गए हैं। दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीच सीटों का बंटवारा होगा और पंजाब में दोनों अलग-अलग लड़ेंगे। राउत ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए ममता बनर्जी भी काम करेंगी।**

# अजित पवार गुट में शामिल होने की अटकलों पर बाबा सिद्दीकी बोले- 'अगर मैं कुछ...'



**मुंबई :** अजित पवार गुट में शामिल होने की अटकलों के बीच कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी का बयान सामने आया है. बाबा सिद्दीकी ने कहा कि, 48 साल से मैं कांग्रेस के साथ हूं. भविष्य का कोई कुछ नहीं बता सकता है. फिलहाल कांग्रेस के साथ हूं. अजित पवार से मेरे अच्छे रिश्ते हैं. बीते तीन दशकों से मै अजित पावर को जनता हूं. अगर मैं कुछ निर्णय लूंगा तो मैं आप सभी को बताऊंगा.

बाबा सिद्दीकी का मूल नाम जियाउद्दीन सिद्दीकी है और वह मुंबई कांग्रेस के अहम नेता माने जाते हैं. बाबा सिद्दीकी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत एक छात्र नेता के रूप में की थी. बाबा सिद्दीकी बांद्रा पश्चिम सीट से विधायक रह चुके हैं. वह खाद्य और नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री और महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुंबई डिवीजन के अध्यक्ष भी थे. 2014 के विधानसभा चुनाव में बाबा सिद्दीकी को मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार ने हरा दिया था. शुरूआत में उन्हें मुंबई नगर निगम में नगरसेवक के रूप में चुना गया था. इसके बाद वह 1999, 2004 और 2009 में बांद्रा पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए. 2014 के विधानसभा चुनावों में, बाबा सिद्दीकी मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार से हार गए. 2019 में, बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी इस निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए.

**एनसीपी में जाने की कहां से शुरू हुई बात?**

बाबा सिद्दीकी और उनके विधायक बेटे जीशान ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजित पवार से मुलाकात की थी. इसके बाद से ही ये कयास लगाए जाने लगे की वो अजित पवार गुट में शामिल हो सकते हैं. यहां बता दें कुछ दिन पहले कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा था जब कांग्रेस के युवा नेता मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस से नाता तोड़कर शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल हो गए थे.

# निर्माणाधीन स्थल पर लिफ्ट के डक्ट में गिरने से प्लंबर की मौत

**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक निर्माणाधीन स्थल पर लिफ्ट के डक्ट (लिफ्ट के नीचे खाली जगह) में गिरने से 22 वर्षीय एक नलसाज की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीड़ित प्रद्युम्न अशोक कुमार के एक रिश्तेदार ने कपूरबावड़ी पुलिस थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया है कि नलसाज (प्लंबर) प्रद्युम्न अशोक



कुमार 30 जनवरी को सुरक्षा के लिए आवश्यक पर्याप्त उपकरणों के बिना काम कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। अधिकारी ने शिकायत से हवाले से बताया कि कुमार संतुलन बिगड़ने के कारण पानी से भरे लिफ्ट डक्ट में गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कपूरबावड़ी पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने निर्माण करने वाले ठेकेदार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया।



# पूर्व बीजेपी पार्षद के खिलाफ रेप और धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**ठाणे:** एक 40 वर्षीय महिला ने बुधवार को कल्याण पूर्व के कैलासनगर वार्ड के पूर्व भारतीय जनता पार्टी पार्षद और कंस्ट्रक्शन डेवलपर मनोज रामशकल राय के खिलाफ कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस पीड़िता की शिकायत पर मनोज रामशकल राय के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूर्व पार्षद मनोज राय के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, (2), 313, 323, 504 और 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी मनोज राय फरार हो गया है. पुलिस उनकी तलाश कर रही है. झ राजेंद्र शिरसाट, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन



शादी का लालच देकर सेक्सः मनोज राय कल्याण पूर्व में राय रेजीडेंसी हाउसिंग प्रोजेक्ट के मुख्य प्रमोटर हैं। 40 वर्षीय शिकायतकर्ता, एक गृहिणी, ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत में कहा गया है कि ''2015 से मई 2022 तक पूर्व बीजेपी पार्षद मनोज रामशकल राय ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और समय-समय पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. इन शारीरिक संबंधों के कारण मनोज राय चार बार गर्भवती हुई.'' . यह सब उसकी इच्छा के विरुद्ध है।

चार बार गर्भवती होने के बाद आरोपी राय ने उसे बलपूर्वक, दुर्व्यवहार, लड़ाई और धमकी देकर गर्भपात करने के लिए मजबूर किया। उसे लगातार पीटा गया ताकि वह इस मामले के बारे में न बोले। ''हम यह शिकायत कर रहे हैं पूर्व नगरसेवक मनोज राय के खिलाफ क्योंकि उन्होंने पिछले नौ वर्षों में इसका पालन नहीं किया है, ''पीड़ित ने शिकायत में कहा। मारपीट और प्रताड़ना से तंग आकर की शिकायतः पीड़ित महिला ने जब शादी की जिद की तो उसे पीटा गया। साथ ही उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और तरह-तरह की धमकियां दी गईं. इन सब परेशानियों से तंग आकर आखिरकार पीड़िता थाने पहुंची है. पीड़िता की शिकायत के बाद राय के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

# 400 किलोमीटर की डामर सड़कों को कंक्रीट करने के लिए 7,000 करोड़ रुपये की निविदाएं आमंत्रित




**मुंबई :** मुंबई की यातायात समस्याओं को और अधिक बढ़ाने के लिए, बीएमसी ने शहर की 40 प्रतिशत सड़कों की मरम्मत करने की योजना बनाई है, जिससे पहले से ही भीड़भाड़ वाले मार्गों पर अव्यवस्था फैल जाएगी। इस महत्वाकांक्षी उपक्रम में 400 किलोमीटर की डामर सड़कों को कंक्रीट करने के लिए 7,000 करोड़ रुपये की भारी भरकम निविदाएं आमंत्रित करना शामिल है। हालाँकि, इस फैसले को विपक्ष की ओर से संदेह और आलोचना का सामना करना पड़ा है। हालाँकि नागरिक निकाय ने पहले सितंबर 2022 में घोषणा की थी कि अतिरिक्त 400 किमी सड़कों का कंक्रीटीकरण चल रहा था, जनवरी 2024 तक, शेष 400 किमी पर काम शुरू होना बाकी है, जिससे नागरिकों को लंबे समय तक सड़क की मरम्मत से जूझना पड़ रहा है। मुंबई में लगभग 2,050 किलोमीटर लंबी सड़कों के साथ, सभी डामर सड़कों को सीमेंट कंक्रीट में बदलने के बीएमसी के 2022 के फैसले में देरी का सामना करना पड़ा है। सड़क और यातायात विभाग के एक अधिकारी ने 400 किमी की चल रही कंक्रीटिंग की पुष्टि की, जिसमें तीन और छह मीटर की छोटी सड़कें शामिल हैं।

आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने 158 किमी के सीमेंट कंक्रीटकरण के सफल समापन की घोषणा की, जिससे मुंबई में सीमेंट कंक्रीट सड़कों की कुल संख्या 1,148 किमी हो गई. हालाँकि, हाल ही में दक्षिण मुंबई के लिए 1,600 करोड़ रुपये के अनुबंध को रद्द करने और उसके बाद नई निविदाएं आमंत्रित करने के निर्णय ने समग्र प्रगति के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं, खासकर जब उपनगरों में काम मुश्किल से 10 प्रतिशत तक पूरा हो पाया है। निविदा विनिर्देशों के अनुसार, व्यापक सड़क कंक्रीटिंग में मानसून के मौसम को छोड़कर, कम से कम 24 महीने लगने की उम्मीद है, नई सड़क का निर्माण इस साल अक्टूबर में शुरू होने की उम्मीद है। इस टाइमलाइन ने शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे को संभावित वित्तीय अनियमितताओं के बारे में चिंता व्यक्त करने, 200 करोड़ रुपये के जुर्माने पर सवाल उठाने और संग्रह प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग करने के लिए प्रेरित किया है।

# खुले में पड़ा था विस्फोटक उपकरण, कुत्ते ने चबाया, हुआ धमाका... 429 और 435 के तहत मामला दर्ज

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में खुले में किसी के द्वारा एक विस्फोटक उपकरण फेंक दिया गया, जिसको एक कुत्ते ने चबा लिया. जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया और जानवर की वहीं मौत हो गई. एक अधिकारी के द्वारा शुक्रवार को यह जानकारी दी गई. अधिकारी ने बताया कि यह घटना दो दिन पहले की है. शाहपुर के एक फार्महाउस के चौकीदार जिनका नाम बालू दामू महालुंगे (50) है. उन्होंने पुलिस को बताया कि परिसर में रहने वाला




एक कुत्ता बाहर से मुंह में एक वस्तु को लेकर लौटा था. उसे वह एकांत में जाकर खाना चाहता था.

अधिकारी ने बताया कि कुत्ते ने उस वस्तु को फार्महाउस आकर जैसे ही चबाया, वैसे ही उसमें अचानक विस्फोट हो गया. और जानवर की वहीं मौत हो गई. चौकीदार ने पुलिस को यह भी बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है. कुछ दिन पहले ही फार्महाउस में रहने वाला एक अन्य कुत्ता इसी तरह पहले बाहर से लाई गई किसी चीज को चबाने के बाद घायल हो गया था.

ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है, कि जंगली जानवरों का शिकार करने के इरादे से विस्फोटक उपकरण को खुले में छोड़ा जा रहा है. अधिकारी ने बताया कि शाहपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 429 (मवेशी या किसी जानवर को मारने या नुकसान पहुंचाने की कार्रवाई) और 435 (नुकसान पहुंचाने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ का उपयोग) के तहत मामले को दर्ज कर लिया है.

# एक्ट्रेस कंगना रनौत की याचिका खारिज

**मुंबईः** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक्ट्रेस कंगना रनौत की याचिका खारिज कर दी, जिसमें गीतकार जावेद अख्तर द्वारा 2020 में उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस मामले को बाद में उनके खिलाफ दायर क्रॉस-कम्प्लेंट के साथ जोड़ने की प्रार्थना की गई थी।



जस्टिस प्रकाश नाइक ने आदेश पारित किया। उन्होंने कहा कि कार्यवाही को रोका या क्लब नहीं किया जा सकता, क्योंकि रनौत ने कभी यह तर्क नहीं दिया कि मामले क्रॉस-केस है। इसके बावजूद, अख्तर की शिकायत पहले दर्ज की गई। इस स्तर पर याचिका में मांगी गई राहत नहीं दी जा सकती। इससे पहले याचिकाकर्ता (कंगना) की ओर से कभी यह तर्क नहीं दिया गया कि दोनों मामले क्रॉस केस हैं। जबकि अख्तर द्वारा रानौत के खिलाफ दायर मानहानि का मामला अंधेरी में मजिस्ट्रेट के सामने चल रहा है। अख्तर के खिलाफ कंगना की शिकायत पर सत्र न्यायालय ने रोक लगा दी थी।

# कांग्रेस 14, उद्धव गुट 15 और 8 सीटों पर फंसा पेंच !

## महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी का सीट बंटवारा तय

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाडी गठबंधन का सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लगभग बन गया है। खबर है की राज्य की 48 में से 40 लोकसभा सीटों पर अंतिम फैसला हो चुका है। इन 40 सीटों में किस दल के उम्मीदवार को उतारा जाएगा। ये लगभग तय हो गया है। लेकिन अभी भी 8 लोकसभा सीटों पर पेंच फंसा हुआ है। कहा जा रहा है कि इन 8 सीटों पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना और कांग्रेस दोनों दावा कर रहीं हैं और बातचीत जारी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिन 40 लोकसभा सीटों का बंटवारा फाइनल हुआ है, उसमें से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) 15, कांग्रेस 14 और शरद पवार की एनसीपी 9 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। जबकि वंचित बहुजन अघाडी और राजू शेट्टी



की स्वाभिमानी शेतकरी को एक-एक सीट मिल सकती है।

बता दें कि महाविकास अघाडी में प्रकाश आंबडेकर की वंचित बहुजन अघाडी और राजू शेट्टी की स्वाभिमानी शेतकरी भी शामिल है। इन दोनों पार्टियों को एक-एक सीट देने पर सहमती बनी है। बताया जा रहा है कि ये दोनों सीटें उद्धव ठाकरे गुट के हिस्से से दी जाएगी।

महाराष्ट्र में 2019 में एमवीए का गठन हुआ था। एमवीए गठबंधन में कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (उद्धव गुट) शामिल है। जबकि तीनों दल 'इंडिया' अलायंस का भी हिस्सा है। राज्य के कुछ छोटे दल भी विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है।

महाराष्ट्र की जिन आठ लोकसभा सीटों को लेकर खींचतान जारी है, उनमें- रामटेक, हिंगोली, वर्धा, भिवंडी, जालना, शिरडी, मुंबई दक्षिण मध्य और मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट शामिल हैं।

# महाराष्ट्र में महागठबंधन लोकसभा चुनाव में चार सीटें भी नहीं जीत सकता - संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को दावा किया कि महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व वाला 'महायुति' (महागठबंधन) आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की कुल 48 में से चार सीटें भी नहीं जीत सकता है. यहां पत्रकारों से बात करते हुए, राउत ने कहा कि बीजेपी ईवीएम के अभाव में या चंडीगढ़ पैटर्न को नहीं अपनाकर ग्राम पंचायत चुनाव भी नहीं जीत सकती है, यह केंद्र शासित प्रदेश में हाल ही में संपन्न मेयर चुनाव का संदर्भ था जो धांधली के आरोपों से घिरा हुआ था.

शिवसेना (यूबीटी) का दावा है कि बीजेपी की चुनावी सफलता के पीछे ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) हैं. मंगलवार को चंडीगढ़




में मेयर चुनाव में बीजेपी ने आप और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार को हराकर जीत हासिल की. इंडिया ब्लॉक के दो सदस्यों ने बीजेपी पर चुनावी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया. महायुति को महाराष्ट्र में चार सीटें भी नहीं मिल सकतीं, यही कारण है कि (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी को (राज्य में) बार-बार (समर्थन जुटाने के लिए) आना पड़ता है. हालांकि बहाना विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने का है, लेकिन वह राज्य में चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं. राउत ने कहा, उन्हें ऐसा करने दीजिए.

बीजेपी के अलावा, सत्तारूढ़ गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और एनसीपी (अजित पवार गुट) शामिल हैं. महाराष्ट्र लोकसभा में 48 सदस्य भेजता है, जो उत्तर प्रदेश (80) के बाद दूसरा सबसे बड़ा सदस्य है.

महाराष्ट्र क्राईम्स
मुंबई, 05 फरवरी, 2024





# मुफ्ती सलमान अजहरी पर भड़काऊ भाषण का आरोप

## गुजरात पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, एटीएस ने ली हिरासत में

**मुंबई।** जरात के जूनागढ़ में हेट स्पीच देने के आरोपी मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया गया है. मौलाना अजहरी को गुजरात एटीएस ने हिरासत में लिया है. मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से हिरासत में लिया है. वहीं जब पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने पहुंची तो उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा किया. वहीं इसके बाद मौलाना की तरफ से अपने समर्थकों समझाया गया.

दरअसल हेट स्पीच मामले में मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी पर धारा 153अ, 505, 188, 114 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. वहीं इस मामले में गिरफ्तार किए गए मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी ने अपने समर्थकों से विरोध न करने का अनुरोध किया और कहा कि ''न तो मैं अपराधी हूं और न ही किसी अपराध पर मुझे यहां लाया गया है. वे जरूरी जांच कर रहे हैं और मैं मैं भी उनका सहयोग कर रहा हूं और आप भी करिए. अगर मेरे भाग्य में होगा तो मैं गिरफ्तार होने के लिए तैयार हूं, लेकिन आप सब ये जगह खाली कर दीजिए.''



वहीं मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के वकील वाहिद शेख ने कहा, ''मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के घर पर सुबह सिविल ड्रेस में 35-40 पुलिसकर्मी मौजूद आए थे. हमने उनसे उनके आने का मकसद पूछा, लेकिन कुछ भी जानकारी नहीं दी गई. मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी से समन्वय करने के बाद उन्होंने (पुलिस ने) कहा कि गुजरात में 153 बी के तहत मामला दर्ज किया गया है. मुफ्ती सलमान अजहरी उनके साथ पुलिस स्टेशन आए और सहयोग भी किया लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है. मुफ्ती सलमान कोऑपरेट करने को तैयार हैं लेकिन पुलिस कोई जवाब नहीं दे रही है.''

**>> हेट स्पीच मामले में मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी गिरफ्तार, >> समर्थकों ने किया हंगामा**

# कोस्टल रोड का काम अधूरा, चुनाव की वजह से उद्घाटन

## युवा सेना प्रमुख और विधायक आदित्य ठाकरे को आरोप

**मुंबई।** युवा सेना प्रमुख और विधायक आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया कि कोस्टल रोड का काम अभी अधूरा है, लेकिन चुनाव को ध्यान में रखते हुए इसका उद्घाटन किया जा रहा है। बता दें कि आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी कोस्टल रोड का उद् घाटन करने वाले हैं। वर्ली से मरीन ड्राइव तक 9 किमी लंबे कोस्टल रोड के एक हिस्से का उद्घाटन करने के साथ पीएम पश्चिम और पूर्व मुंबई को जोड़ने वाले गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड का भूमिपूजन भी करेंगे। आदित्य ने कहा कि दिघा रेलवे स्टेशन, अटल सेतु परियोजना पूरी हो गई थी, लेकिन सरकार के पास उद् घाटन का समय नहीं था। कोस्टल रोड का काम अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन चुनाव को ध्यान में रखकर इसका उद्घाटन किया जा रहा है।

कोस्टल रोड का काम हमारा है। यह उद्धव ठाकरे का सपना था। हम हर महीने वहां दौरा करते थे। हमारी सरकार रहती तो सारा काम समय पर पूरा हो जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि महालक्ष्मी परियोजना बिल्डरों को मुफ्त एफएसआई के लिए बनाया गया है। हमारे सवाल उठाने पर क्लब हाऊस को रद्द किया गया, लेकिन हम बिल्डरों को वहां कार पार्क शुरू नहीं करने देंगे। हम मुंबईकरों का पैसा बर्बाद नहीं होने देंगे, क्योंकि रेसकोर्स का इस्तेमाल आम मुंबईकर योग, सुबह की सैर के लिए करते हैं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या कैबिनेट बैठक में कानून व्यवस्था है? सरकार में विधायक गणपति जुलुस में पिस्तौल निकालते हैं, पुलिस स्टेशनों पर फायरिंग करते हैं और ऐसे विधायकों को सिद्धिविनायक मंदिरों का अध्यक्ष बनाया जाता है।

आदित्य ठाकरे ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि उनके अधिकारी एक महिला पर गाड़ी चढ़ाते हैं, विधायक के बेटे का अपहरण करते हैं। ये सभी घटनाएं कैमरे में कैद होती हैं। इन पर यूएपीए कानून के तहत कार्रवाई होनी चाहिए थी। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि वह प्रकरण पर अपनी अधिकृत भूमिका प्रकट करें।

# वसई में गैस रिसाव से एक ही घर में तीन लोगों की मौत

**वसई** - वसई के मानिकपुर में एक बंद मकान में तीन लोगों की लाशें मिली हैं. घटना का खुलासा रविवार दोपहर को हुआ। पुलिस ने प्रारंभिक संभावना जताई है कि इन तीनों की मौत गैस रिसाव के कारण हुई है। वसई पश्चिम के मानिकपुर इलाके के नौपाड़ा में आशा सदन नाम की दो मंजिला इमारत है। रविवार दोपहर को इस बिल्डिंग के एक घर से गैस की गंध आने लगी। तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, मानिकपुर पुलिस ने जब घर का दरवाजा तोड़ा तो तीन युवकों की लाशें मिलीं, जिनमें से दो की लाशें हॉल में और एक की लाश किचन में मिली. मृतकों में से एक की पहचान मोहम्मद आजम के रूप में हुई है.मोहम्मद आजम का व्यवसाय फल बेचने का है।सभी मृतकों की उम्र 30 से 35 साल के बीच है।घर में गैस चालू थी। मानिकपुर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजू माने ने बताया कि तीनों की मौत गैस रिसाव के कारण दम घुटने से हुई होगी.हमने घर का पंचनामा कर लिया है. प्रथम दृष्टया



कुछ भी संदिग्ध नहीं लग रहा है। ऐसा प्रतीत हुआ कि गैस चालू थी। हमने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गैस जारी रही होगी और इससे दम घुटने से तीनों की मौत हो गई, यह जानकारी मानिकपुर थाने के पुलिस निरीक्षक संतोष चौधरी ने दी. मृतकों के परिवारों से संपर्क किया गया है और वे सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वे मई महीने में इस बिल्डिंग में किराए पर रहने आए थे।

# चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, स्कूल का वाचमैन हुआ गिरफ्तार



**मुंबई :** कांदिवली स्थित समतानागर पुलिस ने एक स्कूल के वाचमैन को छात्रा के साथ बलात्कार करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अदालत में पेशी के बाद उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना दो फरवरी की है जब बच्ची स्कूल में ही थी और उस वाचमैन ने चॉकलेट देने के बहाने बच्ची को बुलाया। उसे बाथरूम में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची जब घर पहुंची तो उसके प्राइवेट पार्ट में इंफेक्शन जैसा दिखा। जिसके बाद उसकी मां उसे डॉक्टर के पास ले गई और डॉक्टर ने घटना की जानकारी मां को दी। मां उससे पूछा तब उसने पूरा वाकिया अपनी मां को बताया। मां ने इसकी शिकायत समतानगर पुलिस थाने में की।

# अजित पवार का शरद पवार पर सीधा हमला, कहा-पता नहीं कुछ लोग कब रुकेंगे, चुनाव में करेंगे भावुक अपील

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने एक बार फिर राकांपा अध्यक्ष शरद पवार की उम्र को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि कुछ लोग कब रुकने वाले हैं। यह एक भावुक अपील होगी कि यह उनका (शरद पवार) आखिरी चुनाव होगा। वहीं, शरद पवार गुट ने उप मुख्यमंत्री की टिप्पणियों को अमानवीय करार दिया और उन पर पार्टी के संस्थापक की मौत की दुआ करने का आरोप लगाया। उन्होंने शरद पवार का नाम लिए बिना कहा कि मुझे नहीं पता कि कुछ लोग कब रुकने वाले हैं। यह एक भावुक अपील होगी कि यह उनका आखिरी चुनाव होगा। पता नहीं आखिरी चुनाव कौन सा होगा। वह पुणे जिले के बारामती में एक सभा में बोल रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने सभा में अपने गुट की आगामी लोकसभा चुनाव की योजना के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि आपने इतने वर्षों तक एक वरिष्ठ (शरद पवार) की बात सुनी। अब मेरी बात सुनिए और उन लोकसभा उम्मीदवार को वोट दीजिए, जिन्हें मैं मैदान में उतारने जा रहा हूं। (जब आप वोट देंगे) तो मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कह सकता



हूं कि लोगों ने मेरे उम्मीदवार को वोट दिया है। यह मत भूलिए कि जब आप मुसीबत में थे, तो कौन मदद के लिए आया था।

बारामती विधायक ने सभा में यह भी कहा कि अगर आप अच्छा काम करना चाहते हैं, तो आपको कुछ आलोचना भी स्वीकार करनी चाहिए। अजित पवार ने रविवार को अपने समर्थकों से कहा कि वे उनकी बात को उसी तरह सुनें, जैसे वे पहले किसी वरिष्ठ की बात सुनते थे। अजित पवार पिछले साल जुलाई में शरद पवार की राकांपा से अलग हो गए थे। वह और उनके आठ विधायक एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे।

तब से वह लगातार अपनी बगावत को सही ठहराते रहे हैं और शरद पवार की उम्र की ओर इशारा करते हुए कहते रहे हैं कि बुजुर्गों को अगली पीढ़ी के लिए रास्ता देना चाहिए।

**शरद पवार गुट ने किया पलटवार**

वहीं, शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री ने अपनी टिप्पणी से सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने कहा कि अजित पवार को अपने अमानवीय बयान पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कथित तौर पर शरद पवार की मौत के लिए दुआ की है। महाराष्ट्र को पता है कि अजित पवार किस तरह के व्यक्ति हैं। आव्हाड ने कहा कि महाराष्ट्र के लिए शरद पवार का योगदान हमेशा बना रहेगा। शरद पवार 1960 के दशक से ऐसे नेता हैं, जिन्हें विधानसभा और लोकसभा चुनावों में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। वह अभी राज्यसभा सदस्य हैं।

# ग्लोइंग स्किन के लिए इस्तेमाल करें दूध और शहद का फेसपैक



धूप और धूल की वजह से स्किन काफी डैमेज हो जाती है। आजकल की भागदौड़ और व्यस्त जिंदगी में अकसर आप अपनी स्किन पर ध्यान नहीं दे पाती हैं और स्किन के ये दोनों दुश्मन और भी भारी पड़ते हैं। आपकी स्किन डल, ड्राई और रफ हो जाती है। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप भले महंगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हों लेकिन चेहरे के लिए नैचरल फेसपैक्स से बेहतर और क्या हो सकता है। स्ट्रेस, धूल, धूप जैसी प्रॉब्लम्स से आपकी स्किन को बचाने के लिए दूध और शहद का फेसपैक ही काफी है। आज भले ही लोग निखार पाने के लिए मंहगे प्रॉडक्ट्स का सहारा लेते हैं लेकिन दूध-शहद जैसी चीजों का इस्तेमाल पुराने समय से होता आ रहा है। आइए, आपको मिल्क-हनी फेसपैक के बारे में बताते हैं।

आजकल की भागदौड़ और व्यस्त जिंदगी में अकसर आप अपनी स्किन पर ध्यान नहीं दे पाती हैं और स्किन के ये दोनों दुश्मन और भी भारी पड़ते हैं। आपकी स्किन डल, ड्राई और रफ हो जाती है। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप भले महंगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हों लेकिन चेहरे के लिए नैचरल फेसपैक्स से बेहतर और क्या हो सकता है।



### इसके फायदे

यह नैचरल मॉइश्चराइजर के रूप में काम करता है। 1-2 दिन में ही आपको इसका असर देखने को मिलेगा। आपकी स्किन सॉफ्ट और निखरी हुई दिखेगी। यह आपके कई ऐसे प्रॉबलम्स को भी दूर कर सकता है जिससे आप लंबे समय से जूझ रही हों।

### पिंपल्स

अगर आप मुहांसों और पिंपल्स से परेशान हैं तो हनी-मिल्क फेसपैक आपकी मदद कर सकता है।

### ऐंटी-एजिंग

इस फेसपैक से रिंकल्स और फाइन लाइन्स भी दूर होते हैं। ऐसे में यह एक बेहतरीन ऐंटी एजिंग साबित हो सकता है।

### कैसे बनाएं

एक कटोरे में आधा कप दूध लें और इसमें 2-4 चम्मच शहद मिलाएं। इसे अच्छे से मिलाकर एक पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे और गले में लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद इसे पानी से धो लें और साफ तौलिए से चेहरा पोछ लें।

# रिश्ते में नकारात्मकता को करें दूर

हम सभी के साथ ऐसा होता है, जब एक समय पर आकर प्यार भरा रिश्ता नकारात्मकता से भर जाता है। हर रिश्ते में इसकी वजह अलग-अलग हो सकती है। लेकिन समाधान करने के तरीके लगभग एक जैसे ही हैं। अगर आपको भी अपने रिश्ते से ऊब होने लगी है या प्यार में वो पहले वाला स्पार्क नहीं रहा है तो आपको कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत है...

हम सभी अपनी बॉडी, अपने करियर और अपनी फिनैन्स प्लानिंग के लिए डीटॉक्स प्लानिंग रखते हैं। लेकिन क्या ऐसा कोई प्लान हम अपने रिश्ते के लिए भी बनाते हैं? ज्यादातर लोगों का जवाब होगा कि हमने ऐसा कोई प्लान नहीं बनाया है। लेकिन ऐसा प्लान बनाना जरूरी है। हम सभी की अपने रिश्ते से कुछ अपेक्षाएं होती हैं। हम अपने पार्टनर से बहुत कुछ चाहते हैं और सभी अपेक्षाएं पूरी ना होने पर नकारात्मकता हमें घेरने लगती है। ऐसे में हम सिर्फ अपने पार्टनर की कमियां देखने लगते हैं। लेकिन इस समय जरूरत इस बात पर भी गौर करने की भी होती है कि हमारा पार्टनर हमसे जो चाहता है, क्या हम उसकी अपेक्षाएं पूरी कर पा रहे हैं!

अगर आपका प्यार भरा रिश्ता किसी बुरे दौर से गुजर रहा है तो आप दोनों साथ बैठकर शांत मन से बात करें। प्लान करें कि आप दोनों अपने रिश्ते से क्या चाहते हैं। जो दिक्कतें है वे क्यों आ रही हैं और उनकी समाधान क्या है? दोनों एक-दूसरे से अपनी इच्छाएं जरूर बताएं। फिर दोनों पार्टनर की इच्छा का सम्मान करते हुए सुधार का प्रयास करें। ऐसा करना आपके रिश्ते के लिए किसी टॉनिक की तरह होगा। सेक्स तभी जब दोनों की इच्छा हो

ज्यादातर कपल्स को लगता है कि अगर रिश्ते में बोरियत आ रही है तो सेक्स के द्वारा इसे दूर किया जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं होता है। जब तक मन शांत ना हो रिश्ते में प्यार को रिवाइव नहीं किया जा सकता है। हां, खराब मूड के साथ ज्यादा सेक्स करना आपके बीच दूरी बढ़ने की वजह जरूर बन सकता है। साथ में वक्त बिताएं, बातें करें। चीजें ठीक होने लगेंगी।




### बात करें और दिक्कत सुलझाएं

आपका आज किन्हीं कारणों से खराब है और आप अपने लगातार खराब हो रहे रिश्ते को एक बेहतर कल की उम्मीद में ढो रहे हैं। ऐसा ना करें। चीजें ठीक तभी होंगी जब आप उन्हें ठीक करने की कोशिश करेंगे। जैसे बिना कुछ कहे आप अपने पार्टनर के मन की बात नहीं समझ सकते, ठीक वैसे ही वह भी आपके बिना बताए यह नहीं जान पाएगा कि इस दौर में आपके मन में क्या चल रहा है। बात करें और दिक्कत सुलझाएं।


### ऐसा रिश्ता छोड़ना बेहतर

अगर आपको लगता है कि यहां बताए गए सभी काम आप कर चुके हैं। लेकिन आपका पार्टनर आपको समझने और चीजें सुधारने के लिए तैयार नहीं है। तो हम आपसे खुद को धोखा देने के लिए नहीं कहेंगे। मजबूत इच्छा शक्ति के साथ ही किसी रिश्ते को बेहतर बनाया जा सकता है। अगर आपका पार्टनर किसी भी तरह की गलत बातों और आदतों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है तो आपको एक खुशनुमा जिंदगी का चुनाव करने का पूरा हक है।



### नई शुरुआत के लिए कभी देर नहीं

अगर आपको लगता है कि आप लंबे समय से रिश्ते का बुरा दौर देख रहे हैं। तो हो सकता है कि नकारात्मकता आपके मन पर भी हावी हो गई हो। खुद को शांत करें और फिर सोचें कि आप अपने जीवन को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। याद रखें कि जीवन में नई शुरुआत के लिए कभी देर नहीं होती। हर किसी को अच्छी जिंदगी जीने का पूरा हक है।



# 2024 भी रियल इस्टेट सेक्टर के लिए अच्छे दिन लेकर आया, मुंबई में हुई घरों की रिकॉर्ड बिक्री...

## पिछले 6 सालों में जनवरी में सबसे अधिक घर बिके, सरकार ने कमाए 757 करोड़

**मुंबई:** 2023 के शानदार प्रदर्शन के बाद 2024 भी रियल इस्टेट सेक्टर के लिए अच्छे दिन लेकर आया है। वर्ष के पहले महीने में ही मुंबई में रिकॉर्ड घरों की बिक्री हुई है। मुंबई प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन विभाग के अनुसार, बीते छह साल के पहले महीने की तुलना में जनवरी 2024 में सबसे अधिक प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन हुए हैं। घरों की बिक्री बढ़ने के साथ ही जनवरी में सरकारी खजाने में जमा होने वाली राशि में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है।

बीते 31 दिन में 10,933 प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन से 757 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। जनवरी 2024 से पहले जनवरी 2021 में 10,411 प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन हुए थे। जनवरी 2021 में घरों की बिक्री का आंकड़ा 10 हजार तक पहुंचने



का मुख्य कारण कोरोना महामारी के दौरान सरकारी छूट थी। वहीं 10,411 प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन होने के बाद भी 305 करोड़ रुपये का राजस्व सरकार को मिला था। वहीं, पिछले महीने घरों की बिक्री से सरकार को जनवरी 2021 की तुलना में दोगुने से अधिक राजस्व मिला है।

**पिछले साल से 65 करोड़ अधिक मिला राजस्व**

घरों की बिक्री बढ़ने से पिछली जनवरी की तुलना में इस जनवरी में 65 करोड़ रुपये की अधिक कमाई सरकार की हुई है। जनवरी 2023 में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से 692 करोड़ रुपये का राजस्व सरकारी खजाने में जमा हुआ था, जबकि इस महीने 757 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। अजमेरा रिअलिटी के डायरेक्टर धवल अजमेरा के अनुसार, पिछले कई वर्षों की जनवरी की तुलना में इस जनवरी में सबसे अधिक घर बिके हैं। रिकॉर्ड बिक्री से वर्ष की शुरूआत हुई है। जारी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट ग्राहकों में सेक्टर को लेकर बढ़े विश्वास से इस वर्ष कई और रिकॉर्ड टूटने वाले हैं। भैरव ग्रुप के चेयरमैन मदन जैन के अनुसार, 2023 के आरंभ से ही मार्केट में स्थिरता बनी हुई है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े मवेशी तस्कर:

## ट्रक में 17 भैंसों के साथ मिली अवैध शराब, काटने के लिए महाराष्ट्र ले जा रहे थे आरोपी

**मुंबई :** मवेशी तस्कर तस्करी के लिए हमेशा नए-नए तरीके इस्तमाल करते हैं। ताजा मामला मध्य प्रदेश के खंडवा का है, जहां जावर पुलिस ने देर रात मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई कर ट्रक से 17 भैंसों के साथ 70 लीटर कच्ची अवैध शराब जब्त की है। इसके साथ ही मामले में चार आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी भैंसों को वध के लिए महाराष्ट्र ले जा रहे थे।

दरअसल, खंडवा में जावर पुलिस ने देर रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए




एक अशोक लेलैंड ट्रक वाहन से 17 भैंसे जो ट्रक में ठूंस-ठूंसकर भरी हुई थी, वहीं दो कैन में 70 लीटर अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने ड्राइवर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। बुधवार सुबह कार्रवाई कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। बताया जा रहा कि, आरोपियों द्वारा इन भैंस को महाराष्ट्र वध के लिए ले जा रहे थे। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी देते हुए जावर थाना प्रभारी जीपी वर्मा ने बताया कि, मुखबिर की सूचना मिली थी कि मूंदी तरफ से एक वाहन आ रहा है। उस वाहन में भैंसे और कच्ची शराब भरी हुई है। सूचना पर नाकाबंदी कर वाहन को रोका गया और तलाशी ली तो 17 भैंसे पाई गई। एक कोठी और एक कैन रस्सी से बंधी थी, जिसमें 70 लीटर शराब पुलिस को मिली है। आरोपियों ने प्रारंभिक जांच में भैंसो को वध के लिए औरंगाबाद ले जाना सामने आया है। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।

# संजय राउत ने खिचड़ी घोटाले में राहुल कनाल पर लगाया आरोप


**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता और सांसद संजय राउत द्वारा आदित्य ठाकरे के पूर्व करीबी राहुल कनाल पर घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाने से महाराष्ट्र में खिचड़ी राजनीति गर्म हो गई है। राउत के भाई संदीप खुद इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का सामना कर रहे हैं और मंगलवार को एजेंसी के सामने पेश हुए। शिवसेना (शिंदे) से अलग होने वाले कनाल ने बुधवार को शिव सेना (यूबीटी) के पूर्व सदस्य अमेय घोले के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। उन्होंने राउत के आरोप से इनकार करते हुए सांसद को चुनौती दी कि वह उनके खिलाफ अपने आरोप को साबित करें या राजनीति छोड़ दें।



कनाल ने कहा कि उन्हें उनकी पूर्ववर्ती पार्टी द्वारा कोविड के दौरान किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने महामारी के दौरान एक लाख राशन किट वितरित किए थे और वर्ली में पहली एम्बुलेंस भी दान की थी, जो आदित्य ठाकरे का विधानसभा क्षेत्र है। उन्होंने पूछा, ''उस वक्त संजय राउत कहां थे?'' इस बीच, घोले ने बताया कि कोविड के दौरान किए गए ''अच्छे काम'' को सेना के मुखपत्र सामना में प्रकाशित किया गया था, जिसे राउत द्वारा संपादित किया गया है। यह आरोप लगाया गया था कि महामारी के दौरान शिवाजी पार्क स्थित मेयर के बंगले का इस्तेमाल राउत द्वारा किया जा रहा था। उन्होंने कहा, ''सीसीटीवी फुटेज से पता चलेगा कि बंगले में राउत से मिलने कौन-कौन आया था।''

# मुंबई के नालासोपारा में भीषण आग लगने से कई गाड़ियां जलकर खाक

**मुंबई :** नालासोपारा में भीषण आग लगने से कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं. जानकारी के मुताबिक, नालासोपारा पूर्व के धानिव बाग पार्किंग में रात के वक्त भीषण आग लग गई। हालाँकि, घटना के परिणामस्वरूप कोई हताहत या भौतिक क्षति नहीं हुई। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, रसायन ले जा रहे एक ट्रक में



विस्फोट के कारण यह हादसा हुआ. घटना के परिणामस्वरूप पार्किंग में खड़ी 7 से 8 कारें जल गईं। जानकारी के मुताबिक, इस घटना में किसी की जान तो नहीं गई, लेकिन जानमाल का नुकसान हुआ है. स्थानीय निवासियों के मुताबिक, जैसे ही केमिकल ले जा रहे ट्रक में आग लगी, जोरदार विस्फोट हुआ. विस्फोट से लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर के क्षेत्र में मकान और बंगले प्रभावित हुए। आसपास के घरों की खिड़कियां भी टूट गईं. आधी रात को जोरदार धमाका सुनकर लोग सड़कों पर निकल आए। स्थानीय ठेकेदार पंकज पाटिल ने तुरंत वसई विरार नगर निगम अग्निशमन विभाग को फोन किया और एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया।

## जय श्रीराम का नारा लगाने पर बस पर फेंका पत्थर... मामला दर्ज, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**पुणे :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बुधवार शाम बस में सवार होकर यात्रा कर रहे छात्रों द्वारा जय श्रीराम का नारा लगाए जाने के बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने बस पर पत्थर फेंक दिया। पुलिस के अनुसार, इसमें किसी छात्र को चोट नहीं आई, लेकिन बस को मामूली क्षति जरूर पहुंची है। यह घटना शहर के दशहरा चौक इलाके में हुई।




कहा गया है कि बस जब दशहरा चौक पहुंची तो उसके अंदर बैठे छात्रों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इसके बाद सड़क पर खड़े एक व्यक्ति ने बस पर पीछे से पत्थर फेंका और भाग गया। पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# अवैध रूप से भारत पहुंचते हैं बांग्लादेशी नागरिक

## 5 सौ से 5 हजार रुपये में कराते हैं प्रवेश; अवैध बांग्लादेशी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई

**'डंकी' एजेंटों के जाल में फंसकर हजारों बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत पहुंचते हैं। यहां असली पहचान छिपाकर रोजी-रोटी कमाते हैं और पकड़े जाने पर 'घुसपैठिया' करार दिए जाने के बाद भारतीय कानून प्रक्रिया के चक्कर काटते हैं। इसके बाद वापस बांग्लादेश भेज दिए जाते हैं। कुछ तो जैसे-तैसे बांग्लादेश पहुंच जाते हैं, जबकि अधिकतर भारत में अवैध प्रवासी बनकर जिंदगी खपा देते हैं।**

मुंबईः पंजाब के चार युवा रोजी-रोटी कमाने और एक बेहतर जिंदगी की तलाश में विदेश जाना चाहते हैं। उनकी कुछ मजबूरियां होती है, जिसका सामना कर वे अधिक से अधिक पैसा कमाना चाहते है। हालाकि, उनके लिए ऐसा करना इतना आसान नहीं है। ऐसे में शाहरुख खान उनकी जिंदगी में आते है और 'डंकी' एजेंट बनकर उनकी मदद करने की कोशिश करते हैं। यहां तक की उन युवाओं के पास विदेश जाने के लिए उचित दस्तावेज और पर्याप्त पैसे नहीं होते हैं, फिर भे वे चोरी-छिपे दूसरे देशों में डकी फ्लाइट लेकर अवैध रूप से प्रवेश करना चाहते हैं। भले ही इसके लिए उन्हें जिंदगी ही दांव पर क्यों न लगानी पड़े। कुछ ऐसा ही हाल पिछले कुछ सालों से मुंबई और आसपास के जिलों में भी देखने को मिल रहा है, जहां 'डंकी' एजेंटों के जाल में फंसकर हजारों बांग्लादेशी नागरिक 'डंकी वे' का इस्तेमाल कर गुपचुप तरीके से बिना उचित दस्तावेज के भारत में प्रवेश



कर जाते हैं।

**5 राज्यों से घुसपैठ का संदेह**

मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़े अधिकतर बांग्लादेशी लोगों ने जांच अधिकारियों को बताया कि भूखमरी और गरीबी से परेशान होकर हर महीने दो सौ से अधिक लोग 'डंकी एजेंटों' की मदद से बांग्लादेश से सटे सीमाओं को पार कर भारत आते हैं। रास्ते में इन गरीब और मजबूर लोगों को बंगाल की खाड़ी और गंगा, ब्रह्मपुत्र, मेघना नदी से जुड़ने वाली कुछ नदियां जैसे कुचीयारा, इचामती नदी और सुंदरवन जैसे गाद वाले डेल्टा और घनघोर जंगलों को पार करने होते हैं। स्थानीय गरीब ग्रामीण महज पांच सौ से हजार रुपये लेकर लोगों को नदी और जंगलों को पार कराने के बाद उन्हें खो सीमा को सौप देते हैं। कई लोग इन एजेंटों पर भरोसा करते हैं, जबकि कई तो छिपे हुए रास्ते ढूंढ़कर उसके जरिए घुसपैठ कर जाते है। यहां से वे पश्चिम बंगाल, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और असम के अलावा श्रीलंका (दक्षिण-पूर्व से) और मालदीव (दक्षिण-पश्चिम से) की सीमा पार कर भारत में घुसपैठ कर इन बॉर्डरों पर बसे गावों में अस्थाई रूप से शरण लेते हैं। यहां कुछ दिन रहने के बाद वे डंकी एजेंटों के जरिए ही कोलकाता और असम के जरिए मुंबई ई तक आ पहुंचते हैं। फिर यहां वे फर्जी भारतीय दस्तावेज बना कर आराम से इसे दिखाकर काम शुरू कर रहने लगते हैं।

**सर्वाधिक घुसपैठ कौन करते हैं?**

आंतकियों के निशाने पर मुंबई या भारत के अन्य शहर हमेशा निशाने पर रहे है। यह देश की आतरिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। मुंबई पुलिस की खुफिया विभाग के अनुसार, देश की सीमा से लगे पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका से काफी संख्या में घुसपैठिए भारत आ रहे है। इनमें से अधिकतर घुसपैठिए मुबई सहित आस-पास के शहरों में न सिर्फ अवैध रूप से बस गए है, बल्कि इन्होंने भारतीय पहचान भी हासिल कर ली है। इन अवैध निवासियों को ढूंढना एजेंसियों के सामने कड़ी चुनौती। पेश करती है। एटीएस के एक अधिकारी बताते है कि ये ये घुसपै घुसपैठिए मुबई के अलावा ठाणे, नवी मुबई, मीरा रोड, वसई-विरार और पालघर शहर में रहते है।

**नाम बदलने का फंडा**

एटीएस सूत्र बताते है कि मुंबई में पकड़े गए अधिकतर बांग्लादेशी नाम बदल कर रहते है। 21 वर्षीया सौम्या संतोष नाइक उर्फ सुलताना शब्बीर खान उर्फ टिना और सहार पुलिस की गिरफ्त में आई शबाना आलिम बेगम उर्फ कविता बेगम जैसी सैकड़ों महिलाएं है, जो नाम बदल कर रह रही है, जिन तक आज भी पुलिस पहुंच नहीं पाई है।

**2022 2 की अपेक्षा 2023 में हमने दोगुने अवैध** बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था, जिनकी संख्या 350 से अधिक थी। फर्जी दस्तावेज बनाकर इन्हें आश्रय देने वालों के खिलाफ मुंबई पुलिस खास अभियान चलाकर कारवाई करते रहती है।

**- सत्यनारायण चौधरी (संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था), मुंबई पुलिस**

# अंधेरा होते ही बादशाह मैदान में जमती है शराबियों की महफिल

## हाई मास्ट लाइट न होने से अंधेरा, रहिवासियों को है परेशानी



**मीरा-भाईंदर;** भाईंदर (पूर्व) के इंद्रलोक में स्थित बादशाह मैदान (केसरीनाथ पाटिल मैदान) में अंधेरा होते ही शराबियों की महफिल जम जाती है। अंधेरा होने के बाद मैदान में छोटे-छोटे 2-4 ग्रुप में लोग शराब और बीयर पीते दिखने लग जाते हैं। मैदान में सिक्युरिटी गार्ड न होने से इन शराबियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती का रही है। आस-पास के रहिवासी झगड़े के डर से इन शराबियों से बहस नहीं करते हैं। स्थानीय निवासियों ने रात के समय में मैदान के पास पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। इंद्रलोक परिसर में कलावती आई मंदिर मार्ग पर बादशाह मैदान है। मैदान के एक तरफ उद्यान, एक तरफ रिहायशी इमारतें हैं। मैदान में रोजाना सुबह-शाम सैकड़ों लोग टहलने के लिए आते हैं। शाम 7 बजे के बाद मैदान में अंधेरा बढ़ने लगता है और अंधेरे के साथ मैदान के अंदर और आस-पास शराबियों का जमावड़ा भी लगने लगता है। गौरतलब है कि मैदान में हाई मास्ट लाइट भी नहीं है। मैदान और परिसर में करते हैं गंदगी नाम न छापने की शर्त पर मैदान के पास की इमारत के एक व्यक्ति ने बताया कि शराब पीने के बाद शराबी बोतलें, चिप्स के खाली पैकेट, पानी की खाली बोतलें वहीं पर फेंक देते हैं। नशे की हालत में वे मैदान की दीवार पर ही पेशाब करने लग जाते हैं। सुबह के समय गंदगी होती है। मैदान से सटकर ही एक धार्मिक स्थल है। मैदान की दीवार और धार्मिक स्थल की दीवार भी एक है। पुलिस की गश्त को बढ़ाने की मांग मैदान से पॉलिसी बीट की दूरी मात्र 200 मीटर की है और नवघर रोड पुलिस स्टेशन लगभग आधा किलोमीटर से कुछ अधिक की दूरी पर है। इसके बावजूद इस परिसर में पुलिस गश्त की कमी है। शराब की टूटी बोतलों से होते हैं लोग घायल शराब की टूटी बोतलों के कांच के टुकड़े मैदान में पड़े रहते हैं। पास के परिसर से सुबह टहलने के लिए आने वाले रमेश बिश्ट बताते हैं कि एक बार कांच के टुकड़े से वह चोटिल हो चुके हैं।

# व्यक्ति की हत्या मामले में आरोपी ने किया एक और बड़ा खुलासा

**मुंबई।** मुंबई में एक अजीबो-गरीब घटना सामने आई है। बता दें कि एक ऑटो रिक्शा चालक की हत्या के मामले में आरोपी 23 वर्षीय व्यक्ति ने पुलिस को बताया है कि उसने पिछले साल एक और व्यक्ति की हत्या कर दी थी और उसके शव को पड़ोसी नवी मुंबई में फेंक दिया था। इसकी जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी है।

शिवाजी नगर के अधिकारी ने बताया कि इस साल 12 जनवरी को 23 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक की गला घोंटकर हत्या करने और शव




को मुंबई के कुर्ला इलाके में मीठी नदी में फेंकने के आरोप में आरोपी व्यक्ति और दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था। थानेदार ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, उस मामले में मुख्य आरोपी को पीड़ित पर उसकी पत्नी के साथ संबंध होने का संदेह था और इसलिए उसने अपने दो सहयोगियों के साथ मिलकर उसकी हत्या करने की योजना बनाई।

अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान, उसके एक सहयोगी, जो यहां गोवंडी इलाके का एक ऑटो-रिक्शा चालक भी हैं, ने पुलिस को बताया कि उसने दो अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर पिछले साल अक्टूबर में एक 24 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी थी और उसके शव को नवी मुंबई के नाले में फेंक दिया था।

# महाराष्ट्र में फरवरी में बढ़ी ठंड

**मुंबई।** उत्तर भारत के कई हिस्सों में कोहरे की मोटी परत की वजह से आम जनजीवन प्रभावित हुआ हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण महाराष्ट्र के तापमान में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अगले कुछ तक राज्य में कड़ाके की ठंडी पड़ेगी और ठंडी हवाएं चलेंगी। इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में तापमान में बड़ी गिरावट आने की संभावना है।



मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले कुछ दिनों तक राज्य में शीतलहर चलेगी और मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, मराठवाड़ा में तापमान में गिरावट आएगी।

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक, मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३ से प्रकाशित किया । RNI NO. : MAHHIN/1998/02261
संपादक सिराज चौधरी मो. ७७७७०६०६८७ www.maharashtracrimes.in / www.maharashtracrimes.blogspot.in Email : editor@maharashtracrimes.in / maharashtracrimes@gmail.com